बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm- 363
26/10/2024

# मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर काली मंदिर (महारानी स्थान) के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का किया अनावरण, मंदिर में की पूजा अर्चना

पटना, 26 अक्टूबर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना जिला के बख्तियारपुर स्थित काली मंदिर (महारानी स्थान) के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने काली मंदिर में पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख–शांति एवं समृद्धि की कामना की।

उल्लेखनीय है कि इस प्रसिद्ध काली मंदिर की स्थापना लगभग दो सौ वर्ष पहले हुई थी। मंदिर का पौराणिक नाम महारानी स्थान, बख्तियारपुर है। मंदिर में काली मां की मूर्ति के साथ–साथ मां दुर्गा के नौ रूपों की मूर्ति स्थापित है तथा अन्य देवी देवताओं की मूर्ति भी एक ही मंदिर में स्थापित है। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं द्वारा करीब दो वर्ष में इस पौराणिक मंदिर का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य कराया गया है। इसके तहत मंदिर की संरचना का मजबूतीकरण, पत्थर एवं टाईल्स का कार्य, गेट का निर्माण, पेंटिंग, लाईटिंग इत्यादि कार्य कराये गये हैं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर काली मंदिर से सटे राधा–कृष्ण मंदिर में भी पूजा–अर्चना की।

******